
## सुंदर नगर में दिनदहाड़े घर में चोरी, डेढ़ लाख के सोने.चांदी के जेवर लेकर फरार



बुरहानपुर। 12 जुलाई रविवार की सुबह करीब 9.30 बजे सुंदर नगर में रहने वाली एक महिलाए जो बुरहानपुर में शासकीय शिक्षिका हैं और घर पर अकेली रहती हैं,घर पर ताला लगाकर घर से लगभग 170 मीटर दूर स्थित पांच पांडव मंदिर दर्शन के लिए गई थीं। मंदिर घर से मात्र 2 मिनट की दूरी पर स्थित है। लगभग 20 मिनट बाद जब वह वापस लौटीं, तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ थाए जबकि बाहर का वेंटिलेशन वाला दरवाजा बंद था। शुरुआत में महिला को चोरी का संदेह नहीं हुआ। वह घर के अंदर गईं तो देखा कि पीछे रखा लॉकर टूटा हुआ था और उसमें रखा सामान बिखरा पड़ा था। चोर लॉकर में रखे सोने.चांदी के जेवरों की पूरी थैली लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान में सोने की अंगूठीए कान के ईयररिंग, चांदी की चेन तथा अन्य आभूषण शामिल हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। हैरानी की बात यह रही कि पास में रखी नकदी को चोरों ने हाथ तक नहीं लगाया और केवल जेवर लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना तत्काल शिकारपुरा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचीए घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद करीब दोपहर 2 बजे एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट सहित अन्य साक्ष्य भी एकत्र किए हैं। हालांकि आज 14 जुलाई तक घटना को तीन दिन बीत चुके हैंए लेकिन पुलिस को अभी तक कोई ठोस सुराग या सबूत हाथ नहीं लगा है। इस घटना से सुंदर नगर कॉलोनी में दहशत का माहौल है और क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि घटना स्थल से लगभग आधे किलोमीटर के दायरे में शिकारपुरा पुलिस थाना, संजय नगर में जनप्रतिनिधि निवासरत हैं। इसके बावजूद दिनदहाड़े हुई इस चोरी ने स्थानीय लोगों में भय और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है।

## वॉटर फिल्टर प्लांट का पानी शुद्ध और गुणवत्तायुक्त . आयुक्त संदीप श्रीवास्तव



बुरहानपुर। नगर निगम अंतर्गत वॉटर फिल्टर प्लांट से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के संबंध में सही वस्तु स्थिति की जानकारी लेने पहुचे पत्रकारो को प्लांन्ट प्रभारी नगीन महाजन ने बताया कि ,जो विडियों सफाई के दौरान का सोशल मिडिया पर चलाया गया उससे भ्रामक स्थिति बनी जबकि वह सफाई के दौरान का था। आज आप देख सकते है कि पानी की शुद्धता कैसी है। पत्रकारो को अवलोकन कराते हुवे इस वॉटर फिल्टर प्लांट कि पुरी प्रोसेस को वॉटर फिल्टर प्लांट के नगीन महाजन ने समझाया। आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव से चर्चा करने पर उन्होने भी स्थिति साफ करते हुवे यहि बात बताई कि वॉटर फिल्टर प्लांट पर चल रही वर्षा के कारण पानी में गाद को सफाई का विडियों सोशल मिडिया पर जारी करने से जो भ्रामक स्थिति बनी ऐसा कुछ नही है ,पानी बिल्कुल शुद्ध और पीने लायक है। शहर में पानी की सप्लाई इसी टीटमेन्ट प्लांट से शहर की 12 टंकियों के माध्यम से पहुचाया जाता है। इस महत्ती योजना का लाभ शहर की जनता के लिए एक सौगात रही है। लगभ्र 42 हजार से अधिक उपभोक्त्ता शुद्ध जल का सेवन कर रहे है।

## 18 जुलाई को लोक अदालत का होगा आयोजन



बुरहानपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरणए नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,बुरहानपुर के अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना मार्गदर्शन में विशेष लोक अदालत हेतु धारा 138ए पराक्राम्य लिखत अधिनियम प्रकरणों के संबंध में द्वितीय जिला न्यायाधीश श्रीमान निलेश कुमार जिरेतीए सचिवध्व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्रीमान प्रेमदीप सांकला एवं जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्रीमान सत्यनारायण वाघ, सचिव श्रीमान संतोष देवताले के साथ.साथ सम्मानीय अधिवक्तागणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में प्रभारी अधिकारी/द्वितीय जिला न्यायाधीश श्रीमान निलेश कुमार जिरेती ने बताया कि धारा 138ए परक्राम्य लिखत अधिनियम हेतु विशेष लोक को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से प्रकरणों को चिन्हित कर आपसी सहमति के आधार पर अंतिम निराकरण किये जाने हेतु प्रेरित किया साथ ही अधिवक्तागण से चर्चा कर राजीनामा योग्य प्रकरणों की सूची तैयार कर जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।

## मेधावी छात्राओं का किया सम्मान

बुरहानपुर । समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय मानव सेवा संस्था द्वारा प्रतापपुरा स्थित अमृतलाल तारवाला शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उच्च अंक प्राप्त करने वाली तथा विभिन्न कलाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को कॉपीए पेन एवं मिठाई वितरित की गई । कार्यक्रम में संस्था की संस्थापक उषा अग्रवाल ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें आत्मविश्वासी एवं सजग रहने के लिए प्रेरित किया। संस्था के अध्यक्ष देवचंद शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मोबाइल का सीमित उपयोग करनेए पढ़ाई पर अधिक ध्यान देने तथा माता.पिता, गुरुजनों और बड़ों का सम्मान करने की सीख दी। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी,संरक्षक सुनील सलूजा, वरिष्ठ सदस्य नंदकिशोर वाणे एवं नवीन सदस्य मोतीलाल बुंदेले उपस्थित रहे । विद्यालय के प्राचार्य राजेश दलाल तथा अन्य शिक्षकों ने संस्था के पदाधिकारियों का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन देवचंद शर्मा ने कियाए जबकि अंत में धर्मेंद्र सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# हल हरिणी अमावस्या पर ताप्ती सेवा समिति ने चलाया ग्रीन रिबन कैम्पेन’




**बुरहानपुर। हल हरिणी अमावस्या के पावन अवसर पर ताप्ती सेवा समितिए बुरहानपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शहर के प्रमुख गांधी चौक पर एक अभिनव ग्रीन रिबन कैम्पेन आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने नगरवासियों की कलाइयों पर हरे रंग की रिबन बाँधकर उन्हें प्रकृतिए जलए वन और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया।**

समिति ने नागरिकों को बताया कि हरा रंग जीवनए हरियालीए समृद्धिए आशा और प्रकृति का प्रतीक है। जिस प्रकार किसी सामाजिक उद्देश्य के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न रंगों की रिबन का उपयोग किया जाता हैए उसी प्रकार ग्रीन रिबन पर्यावरण संरक्षण,वृक्षों की रक्षा, जैव विविधता के संरक्षण और स्वच्छ एवं हरित भविष्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान विश्व के अनेक देशों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनाए जाने वाले अभियानों से प्रेरित है।

इस दौरान समिति के सदस्यों ने उपस्थित नागरिकों को संकल्प दिलाया कि वे अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाएंगे, लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे, अनावश्यक रूप से पेड़ों की कटाई का विरोध करेंगेए जल स्रोतों को प्रदूषित नहीं करेंगे, प्लास्टिक के उपयोग को कम करेंगे तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छए हरित और सुरक्षित पर्यावरण बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। समिति ने कहा कि केवल वृक्षारोपण करना पर्याप्त नहीं हैए बल्कि पौधों को वृक्ष बनने तक उनका संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधे की जिम्मेदारी लेकर उसकी देखभाल करे तो बुरहानपुर को पुनः हरित एवं पर्यावरण समृद्ध बनाया जा सकता है। ताप्ती सेवा समिति ने नगरवासियों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को केवल एक दिवस का कार्यक्रम न मानकर अपने जीवन का संस्कार बनाएं तथा ष्एक नागरिक/एक पौधा/आजीवन संरक्षण के संकल्प के साथ जुड़ें। सरिता भगत ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण ही मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। माँ ताप्ती को स्वच्छए निर्मल और हरित बनाए रखने के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक यदि एक छोटा.सा संकल्प भी निभाए,तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज और आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। अत्ताउल्लाह खान साहब ,धर्मेंद्र सोनी ,रियाज उल हक असारी, विजय राठोड ,विनय पुनिवाला, देवचद शर्मा ,अजय राठौर, राजकुमार बचवानी ,विवेक हकीम ,अजय राठौर, राजेश भगत ,शेख जावेद आदि लोग भी उपस्थित थे

## नगर परिषद् शाहपुर में मनाया गया राष्ट्रीय नमस्ते दिवस

**शाहपुर।** भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों एवं आयुक्तए नगरीय प्रशासन एवं विकासए मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार नगर परिषद् शाहपुर द्वारा दिनांक 14 जुलाई 2026ए मंगलवार को राष्ट्रीय नमस्ते दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण किया गया। भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल फॉर मैकेनाइज्ड छ्ठेंजम योजना में निकाय क्षेत्र अंतर्गत कचरा बीनने वालेए सीवर एवं सेप्टिक टेंक सफाई का कार्य करने वाले सफाई मित्रो को पंजीकृत किया जाकर शामिल किया गया है जिसका उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैलीए स्वच्छताए सुरक्षाए पर्यावरण संरक्षण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति सफाई कर्मचारियों जोडना एवं जागरूक करना । कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद् शाहपुर द्वारा नगर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सीवर एवं सेप्टिक टेंक सफाई का कार्य करने वालेए वेस्ट पिकर्स ;कचरा संग्रहकर्ताओंद्ध को उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट ;च्च्म्द्ध किट वितरित की गई। अधिकारियों ने बताया कि पीपीई किट के नियमित उपयोग से कार्य के दौरान संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों में कमी आएगी तथा स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध होगा। इसी क्रम में पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। उपस्थित हितग्राहियों को योजना के अंतर्गत उपलब्ध उपचार सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### मारवाड़ी युवा मंच बुरहानपुर की अनूठी पहल

# 600 जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित की शिक्षण सामग्री

-------------------------------------------------

बुरहानपुर । समाज सेवा में अग्रणी संस्था मारवाड़ी युवा मंचए शाखा बुरहानपुर द्वारा मंगलवार को शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए श्प्रोजेक्ट शिक्षा साथीश् के अंतर्गत शहर के सरस्वती शिशु मंदिर ;शिकारपुराद्ध एवं शासकीय कन्या शाला ;शाह बाजारद्ध में अध्ययनरत लगभग 600 जरूरतमंद छात्र.छात्राओं को कॉपीए पुस्तकए स्केलए पेंसिलए रबरए पेन एवं अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्री वितरित की गई । मंच के प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि इस सेवा कार्य का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा में सहयोग प्रदान करना तथा उन्हें आगे बढने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष पुरुषोत्तम टिब्डेवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंच के अध्यक्ष शुभम जैनए सचिव दिलीप कासलीवालए सह.सचिव गौरव अग्रवालए कोषाध्यक्ष राजकरण बोथराए पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विशाल सेठियाए पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण मित्तल तथा प्रोजेक्ट कन्वीनर श्रीकिशन मूंदड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन रोशन अग्रवाल, पीयूष पाटनी एवं मयंक जैन की महत्वपूर्ण भूमिका रही । शिक्षण सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मंच के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया । दोनों विद्यालयों के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने मारवाड़ी युवा मंच के इस सेवाभावी कार्य की सराहना करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया । अंत में मंच अध्यक्ष शुभम जैन ने उपस्थित सभी अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन,पूर्व अध्यक्षों,मार्गदर्शकों एवं युवा साथियों का सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया ।





## महापौर ने 20 इलेक्ट्रिक कचरा संग्रहण वाहनों एवं 2 हाइड्रोलिक ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बुरहानपुर। नगर निगम बुरहानपुर द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं पर्यावरण.अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने 20 नवीन इलेक्ट्रिक डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण वाहनों तथा 2 हाइड्रोलिक ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

नगर निगम द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन एवं राज्य शासन के सहयोग से इन आधुनिक वाहनों की खरीदी की गई है। इन वाहनों के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी तथा सेकेंडरी कचरा संग्रहण केंद्रों से भी कचरे का त्वरित उठाव सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने कहा कि नगर निगम द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ शहर के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन वाहनों के संचालन से डीजल की खपत में कमी आएगी,वायु प्रदूषण घटेगा तथा स्वच्छ एवं हरित बुरहानपुर के निर्माण को नई गति मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से भी कचरे के पृथक्करण एवं स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान किया। निगम आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य शासन से प्राप्त वित्तीय सहायता के माध्यम से इन इलेक्ट्रिक कचरा संग्रहण वाहनों की खरीदी की गई है। नगर निगम परिसर स्थित फायर स्टेशन के ऊपर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आधुनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया गया हैए जहां से सभी वाहनों की नियमित चार्जिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से नगर निगम के ईंधन व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। नगर निगम द्वारा शासन के निर्देश अनुसार ठोस कचरा प्रबंधन एवं विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर में नियमित सफाई डोर टू डोर कचरा संग्रहण तथा कचरा के वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है निगम का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड में बेहतर स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वास्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल निगम ,आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ,धनराज महाजन,नितेश रोशन दलाल,महेंद्र इंगले,अनिल विस्पुते ,एजाज असरफी,पार्षद राजेश महाजन ,भारत भुजड़े ,मुज्जू मीर,बाबा भाई,पार्षदपति मनोज फुलवानी,अशोक महाजन, सहायक यंत्री प्रेम कुमार साहू ,कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी, जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे ,गणेश पाटिल आदि निगम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# नगर परिषद शाहपुर में परिषद के साधारण सम्मेलन

**शाहपुर। दिनांक 14.07.2026 को नगर परिषद् सभाकक्ष में अध्यक्ष श्रीमती साधना विरेन्द्र तिवारी की उपस्थिति में परिषद् का साधारण सम्मलेन आहूत किया गया द्य सम्मेलनध्बैठक में नगर विकास के प्रमुख्य मुद्दों,महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया द्य**



जिसमे वार्ड क्रमांक 01 के विभिन्न गलियो में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य,वार्ड क्रमांक 04 के विभिन्न गलियो में सी सी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 09 के विभिन्न गलियो में सी सी रोड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, वार्ड क्रमांक10 के विभिन्न गलियो में सी सी रोड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, वार्ड क्रमांक 14 में नवीन बस स्टेंड से बंभाडा रोड तक डामर रोड बीटी रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक15 के विभिन्न गलियो में सी सी रोड निर्माण एवं पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य,वार्ड क्रमांक 01 से 07 तक नाली के उपर कवरिंग कार्य,वार्ड क्रमांक 08 से 15 तक नाली के उपर कवरिंग कार्य अनुमानित लागत कुल राशी 513 लाख की प्राप्त दरो की स्वीकृतियां प्रदान की गई।

नगर के विभिन्न कालोनियों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य, वार्ड क्रमांक01 एवं 11 में सेंटर लाईट.डिवाईडर निर्माण कार्य,वार्ड क्रमांक 1 में स्वामी विवेकानंद कॉलेज के पास गार्डन एवं सौन्दर्यीकरण कार्य,वार्ड क्रमांक 5 में लक्ष्मीमाता मंदिर के समीप सौन्दर्यीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 5 में मेला ग्राउण्ड के समीप सौन्दर्यीकरण कार्य अनुमानित लागत कुल राशी 350 लाख से कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही नगर के वार्डो में रोड निर्माण के दौरान रोड चौडीकरण किये जाने हेतु अतिक्रमण हटाने पर सहमती प्रदान की गई।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चौधरी, पार्षद श्रीमती उषाबाई वासुदेव दौड़े, श्री अशोक सीताराम निकम, श्री किशोर देशमुख, श्री जब्बार खा, श्रीमती प्रमिलाबाई विनोद चौधरी, श्री कैलाश असेरकर, श्रीमती दीपाली पंकज राउत, श्रीमती दिपाली मूकेश बुनगाल, श्रीमती ज्योत्सना विष्णू महाजन, शेख साकिर हाजी, शेख ताजुद्दीन शेख युसूफ , श्री पवन बडोले,एल्डरमेंन श्री राजाराम अटोलकर, श्री रमेश चोपड़े, श्री प्रकाश महेश्री, श्री रवि जैन, मोजूद थे।

## जनसुनवाई. समस्याओं के निराकरण का प्रभावी माध्यम

बुरहानपुर। शासन के निर्देशानुसार जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाता है। जनसुनवाई समस्याओं के निराकरण का प्रभावी माध्यम है। इसी कड़ी में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में करीबन 93 आवेदनों पर सुनवाई की गयी। तहसील बुरहानपुर निवासी आवेदक सलामत खान द्वारा प्रेषित आवेदन में कृषि भूमि ग्राम नसीराबाद तहसील नेपानगर में रास्ता रोककर परेशान करने के संबंध में अपनी समस्या रखी गयी। कलेक्टर हर्ष सिंह ने आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही हेतु तहसीलदार को निर्देश दिये। निर्देशों के परिपालन में तहसीलदार नेपानगर जगन्नाथ वास्कले ने मौका निरीक्षण कर आवेदक एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में आवश्यक समझाईश एवं कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण किया। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में शिक्षा, श्रम, जनजातीय कार्य विभाग, पुलिस, राजस्व, सामाजिक न्याय,जल संसाधन,नगर निगम सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों पर सुनवाई की गयी।

# भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती परांजपे आज बुरहानपुर प्रवास पर

**बुरहानपुर । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे जी आज 15 जुलाई 2026 बुधवार को एक दिवसीय प्रवास पर बुरहानपुर पधार रही है। आप दोपहर 3 बजे राजस्थानी भवन इंदिरा कॉलोनी बुरहानपुर पर विशाल महिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेगी। कार्यक्रम पश्चात श्रीमती अश्विनी परांजपे जी बहादरपुर रोड स्थित जनपद पंचायत परिसर में वृक्षारोपण तत्पश्चात सेवासदन महाविद्यालय के सामने स्थित सावित्रीबाई फूले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेगी।**



कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्त्ता ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ,म.प्र. शासन की पुर्व केबिनेट मंत्री एवं बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी,नेपा विधायक सुश्री मंजु राजेन्द्र दादु ,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, पूर्व विधायक एवं अनूसुचित जाती मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा कास्डेकर, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सावित्री बत्रा , जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनाली प्रदीप पाटील,नगर परिषद शाहपुर अध्यक्ष श्रीमती साधना विरेन्द्र तिवारी,जनपद पंचायत खकनार उपाध्यक्ष श्रीमती आरती निलश चौकसे ,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती आशा विनोद पाटील, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती रजनी गोपाल चौधरी उपस्थित रहेगी। महिला मोर्चा बैठक को संबोधित करते हुवे भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.श्री मनोज जी माने ने कहा कि संगठन की सफलता, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और मातृशक्ति की सहभागिता ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है। इसी उद्देश्य के साथ आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, बुरहानपुर में आगामी 15 जुलाई को मध्य प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे जी के प्रस्तावित बुरहानपुर प्रवास एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक ली। यह कार्यक्रम 15 जुलाई 2026 को राजस्थानी भवन बुरहानपुर में दोपहर 3 बजे आयोजित किया गया हे । इस दौरान आप जनपद पंचायत कार्यालय परिसर बहादरपुर रोड में वृक्षारोपण एवं सेवासदन महाविद्यालय के सामने स्थित सावित्रीबाई फूले जी की प्रतिमा स्थल पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण भी करेंगी। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संगठनात्मक दायित्वों का निर्धारण किया तथा कार्यक्रम को भव्य,सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। पूर्ण विश्वास व्यक्त किया गया कि सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन संगठन की गरिमा के अनुरूप ऐतिहासिक एवं सफल होगा। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी श्री मुकेश कुमार पुर्वे ने देते हुवे बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चिंतामन महाजन,जिला उपाध्यक्ष श्री संभाजी सगरे, पूर्व पार्षद रूद्रेश्वर एन्डोले, जिला मंत्री श्रीमती सुधा चौकसे ,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सावित्री बत्रा,महिला मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीमती किरण रायकवार, श्रीमती उमा कपुर ,श्रीमती करुणा भट्ट उपस्थित थी।